डेयरी सीवेज की समस्या का समाधान करना

*1771. **श्री भारत भूषण बतरा, एम. एल. ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि कच्चा बेरी सड़क और दशमेश नगर, रोहतक के पास स्थित डेयरियों के डेयरी सीवेज के कारण बरसाती पानी तथा सीवरेज प्रणाली भर जाती है तथा कच्चा बेरी सड़क तथा इसके साथ लगती गलियों पर फैल जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए अथवा उठाए जाने की संभावना है तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ?

डा0 कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

(क) श्रीमान जी, कच्चा बेरी रोड और दशमेश नगर रोहतक के पास स्थित कुछ डेयरियां पशुओं के अपशिष्ट को सिस्टम में छोड़ कर आंतरायिक बरसाती पानी और सीवरेज सिस्टम को जाम कर देती है।

(ख) नगर निगम रोहतक और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बरसाती पानी और सीवर लाइन तुरंत सफाई कराई जाती है। निगम ने नालों और सीवर सिस्टम को जाम होने से बचाने के लिए, नालियों की नियमित सफाई के लिए ए. एस. आई. की देखरेख में 10 सफाई कर्मचारियों और 3 सफाई कर्मचारियों के साथ 2 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को तैनात किया है ।

नालों में पशुओं के अपशिष्ट डालते पाए जाने वालों का नियमित चालान भी किया जा रहा है।